# राजधानी के विकास और जनता के कल्याण के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ूंगा : चौहान

## मुख्यमंत्री ने महापौर प्रत्याशी के समर्थन में नगर के तीन वार्डों में किया रोड शो

भोपाल (काप्र)।

**मध्यप्रदेश मेरा मंदिर और यहां के नागरिक मेरे लिए ईश्वर समान हैं, मैं इस मंदिर का पुजारी हूं। भोपाल और यहां के अपने भाई-बहनों से मेरा एक अलग ही रिश्ता है। अपने ही घर-आंगन में इतना स्नेह और आशीर्वाद भावुक कर देने वाला है। मैं वचन देता हूं कि भोपाल के विकास और जनता के कल्याण के लिए मैं कोई कोर कसर नहीं छोड़ूंगा।**

यह बात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को महापौर प्रत्याशी श्रीमती मालती राय के समर्थन में भोपाल के वार्ड क्रमांक 27, 28 एवं 29 में जनसंपर्क के दौरान कही। मुख्यमंत्री के साथ पार्टी के वरिष्ठ नेता उमाशंकर गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक शर्मा, महापौर प्रत्याशी श्रीमती मालती राय, जिलाध्यक्ष सुमित पचौरी, प्रदेश मंत्री राहुल कोठारी सहित पार्षद प्रत्याशी भी मौजूद थे।

श्री चौहान शुक्रवार को भोपाल के वार्ड 27, 28, 29 में चुनाव प्रचार पर थे। मुख्यमंत्री ने नेहरू नगर चौराहा से पार्टी की महापौर प्रत्याशी श्रीमती मालती राय के समर्थन में रोड शो प्रारंभ किया। रोड शो में आगे युवाओं की टोली पार्टी का झंडा लेकर भाजपा जिंदाबाद के नारे लगाते चल रहे थे। मुख्यमंत्री, महापौर प्रत्याशी एवं पार्षद प्रत्याशी के साथ रोड शो में जनता का आशीर्वाद लेते हुए आगे बढ रहे थे। रोड शो डी सेक्टर, शबरी नगर, मेनिट, एमवीएम पार्क, पुलिस लाइन, पुलिस पेट्रोल पंप, बालाजी डेयरी से अंबेडकर पार्क भवानी चौक, अंबेडकर पार्क से लुम्बिनी परिसर होते हुए आराधना नगर तिराहा पहुंचा। यहां मुख्यमंत्री ने जनता से संवाद किया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत अब विश्व गुरु बन रहा है, तेजी से आगे बढ़ रहा है, चारों दिशाओं में देश का विकास हो रहा है। एक तरफ मोदी जी की सरकार और दूसरी तरफ मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार विकास के काम कर रही है। हमने भोपाल का विकास किया है। विकास की यह कडी और आगे बढे इसके लिए श्रीमती मालती राय को भारी मतों से विजयी बनाएं।

भोपाल को हाईटेक और स्टार्टअप सिटी



बनायेंगे। गीतांजलि चौराहा पर श्री चौहान ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि 2003 के पहले जब कांग्रेस सरकार थी, तब पूरे मध्यप्रदेश की हालत खराब थी। कांग्रेस ने भोपाल को बर्बाद कर दिया था। जब भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी तो हमने विकास किया है। आज भोपाल महानगर का स्वरूप ले रहा है तो भाजपा सरकार के कारण। भोपाल स्वच्छ सुंदर है इसे हाईटेक सिटी बनायेंगे और स्टार्टअप सिटी के रूप में विकसित करेंगे। उन्होंने कहा कि केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश में आपका मामा विकास में कोई कमी नहीं आने देगा। श्री चौहान ने कहा कि जब कमलनाथ की सरकार थी तब विकास के लिए पैसो का रोना रोते थे, लेकिन अब भाजपा की सरकार है। यहां विकास के लिए पैसे की कोई कमी नहीं है। भोपाल के विकास के लिए सरकार का खजाना खुला है।

**कांग्रेस के पास कार्यकर्ताओं का अभाव:** श्री चौहान ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के पास आज कार्यकर्ताओं और नेताओं का अभाव है इसीलिए तो वह कहीं विधायक तो कही पूर्व महापौर को फिर से चुनाव लडवा रही है। कांग्रेस को एक भी कार्यकर्ता नहीं मिला जो महापौर पद के लिए प्रत्याशी हो सके। जबकि हमारे यहां एक साधारण कार्यकर्ता को अवसर दिया है। उन्होंने कहा कि मैं गारंटर बनकर आया हूं। आप सभी महापौर प्रत्याशी श्रीमती मालती राय और पार्षद प्रत्याशी किशन सूर्यवंशी को जिताएं। मैं विकास के लिए पैसों की कमी नहीं आने दूंगा। उन्होंने कहा कि यह विकास होता रहे सरकार की योजनाओं का क्रियान्वयन महापौर और पार्षद के माध्यम से निचले स्तर तक होता रहे। इसके लिए भाजपा को जिताएं।

**घरों के छज्जों और बालकनी से पुष्पवर्षा कर किया स्वागत :** श्री चौहान ने पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में लोगों का आशीर्वाद लेने वार्ड की गलियों में पहुंचे तो सडक किनारे स्थित घरों के छज्जों और बालकनी से आमजन ने पुष्पवर्षा कर मुख्यमंत्री के काफिले का स्वागत किया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हाथ जोडकर जनता का आशीर्वाद लिया। रोड शो का जगह जगह मंच लगाकर पार्टी कार्यकर्ताओं, सामाजिक संगठनों और पार्टी समर्थकों ने स्वागत किया। मुख्यमंत्री का रोड कोटरा सुल्तानाबाद, मथुरा डेयरी से पाताल भैरवी एवं आराधना नगर से गीतांजलि चौराहा पहुंचा। यहां मुख्यमंत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुए महापौर प्रत्याशी श्रीमती मालती राय और पार्षद प्रत्याशियों को भारी मतों से जिताने की अपील की। वार्ड 27 प्रत्याशी श्रीमती प्रतिक्षा ब्रम्हभट्ट, वार्ड 28 प्रत्याशी किशन सूर्यवंशी, वार्ड 29 प्रत्याशी राजेन्द्र राठौर, रामदयाल प्रजापति, डिंपल श्रीवास्तव, आशुतोष तिवारी, सतीश विश्वकर्मा, लिलि अग्रवाल, राजेन्द्र गुप्ता उपस्थित थे।

# मंत्री सारंग ने किया शहर के कई वार्डों में चुनावी कार्यालयों का उद्घाटन

भोपाल (काप्र)।

**मंत्री विश्वास सारंग ने शुक्रवार को वार्ड 58, 59, 70, 69, 38, 37, 40, 76, 77, 78, 79 व 75 के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करते हुए कार्यकर्ताओं से भाजपा प्रत्याशी को भारी बहुमत से जिताने का आह्वान किया।**



कल सारंग भाजपा महापौर प्रत्याशी मालती राय के साथ करोंद क्षेत्र के सभी पांचों वार्डों में जनसंपर्क कर भाजपा को जिताने की अपील करेंगे। श्री सारंग ने कार्यालय खुलने के बाद कार्यालय की क्या-क्या व्यवस्थाए होती हैं उस पर विस्तार से कार्यकर्ताओं को समझाया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में केंद्र और मप्र की सरकार ने हरेक वर्ग के लिये जो विकास के कार्य किये, जो योजनाएं बनाई जिसका लाभ आज प्रदेश के हितग्राहियो को मिल रहा है इन सब को लेकर कार्यकर्ता बूथ स्तर तक जायें, उनसे संपर्क कर भाजपा प्रत्याशी को जिताने की अपील करें। श्री सारंग ने चुनाव कार्यालय के दौरान उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को प्रत्येक बूथ पर कमल खिलाने का संकल्प दिलाया। इस दौरान भारी संख्या में वार्ड के कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग भाजपा की महापौर प्रत्याशी मालती राय के साथ करोंद क्षेत्र के सभी पांचों वार्डों में करेंगे जनसंपर्क कल दिनांक 25 जून को भाजपा की महापौर प्रत्याशी श्रीमती मालती राय के साथ मंत्री विश्वास कैलाश सारंग वार्ड 75, 76, 77, 78 और 79 में जनसंपर्क करेंगे 7 कल प्रातः 9 बजे वार्ड 76 स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर से जनसंपर्क अभियान शुरू होगा7 श्रीकर्मा होटल से नवजीवन कालोनी, प्रेम नगर कॉलोनी, सुंदर नगर, टिम्बर मार्केट, नगर निगम कॉलोनी, शंकर नगर, उड़िया बस्ती, चांदबाड़ी सुंदर नगर से वार्ड 78 के शिव मंदिर अस्सी फिट, विश्वकर्मा नगर, हाउसिंग बोर्ड चौराहा से वार्ड 77 में पुलिस चौकी, मां कर्मा देवी अस्पताल, देवकी नगर, पन्ना नगर, बारह दुकान चौराहा, हरी मजार, विवेकानंद कालोनी, रूसल्ली, पंचवटी कालोनी से बंधन शादी हाल होते हुए पीपल चौराहा से वार्ड 79 में शिवनगर, शांतिनगर, कर्मादेवी मंदिर, शिवानी होम्स, गोया कालोनी, नबीबाग, शारदा नगर, लाम्बाखेड़ा से वार्ड 75 में करोंद चौराहा, ब्रज कालोनी, गोपाल नगर जिन्दबाबा, पलासी, बड़वई, ग्वालबाबा बस्ती और नयापुरा में जनसंपर्क कर भाजपा को जिताने की अपील करेंगे।

# पत्रकार स्व. गया प्रसाद रावत की स्मृति में वृक्षारोपण

भोपाल (काप)। **मध्यप्रदेश के प्रसिद्ध पत्रकार स्व. गया प्रसाद रावत की पांचवी पुण्य तिथि पर पत्रकार गया प्रसाद रावत पत्रकार स्मृति संस्था द्वारा गायत्री मंदिर परिसर में वृक्षारोपण किया गया।**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश माध्यम के प्रधान संपादक पुष्पेन्द्र पाल सिंह थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पत्रकार डॉ. विश्वास तिवारी ने की। कार्यक्रम में संस्था के सचिव प्रदीप रावत एवं पत्रकार संजीव श्रीवास्तव विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम को हरियाली लाये सेवा समिति, भोपाल के सहयोग से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में पुष्पेन्द्र पाल सिंह ने कहा कि आज पर्यावरण को बचाने के लिये वृक्षारोपण बहुत आवश्यक है। सभी को अपने बुजुर्गों की स्मृति में वृक्ष लगाने चाहियें। डॉ. विश्वास तिवारी ने कहा कि वृक्षारोपण करके ही हम आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित जीवन प्रदान कर सकते हैं। स्व. गया प्रसाद रावत जी ने अपने जीवन में पर्यावरण संरक्षण के लिए काफी कार्य किया।

स्व. गया प्रसाद रावत स्मृति पत्रकार संस्था सामाजिक जागरूकता एवं पर्यावरण संरक्षण के लिये लगातार कार्य कर रही है। हरियाली लाये सेवा समिति ने पिछले कुछ वर्षों से लाखों पौधों का रोपण करके पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया था।

# संतनगर वार्ड चार के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन



भोपाल (हिनप्र)।

**संतनगर के वार्ड चार के कड़े मुकाबले में भाजपा कार्यकर्ता पूरी ताकत के साथ लग गए हैं। पूर्व जोनाध्यक्ष राजेश हिंगोरानी के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन विधायक रामेश्वर शर्मा ने मप्र आवास संघ के पूर्व अध्यक्ष सुशील वासवानी की मौजूदगी में किया। भाजपा कार्यालय में जीत का संकल्प लिया।**

इससे पहले राजेश हिंगोरानी ने घर-घर जाकर सघन जनसम्पर्क किया। जनता की समस्यां सुनीं और उनके निराकरण का वायदा भी किया। राहुल नगर क्षेत्र ओर बेहटा गांव के घर-घर में जाकर राजेश ने अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। जनसंपर्क के दौरान दिनेश वाधवानी, महेश खटवानी, प्रवीण प्रेमचंदानी, संजय प्रेमचंदानी, भारती मूलचंदानी, रामू केवट, अजादसिंह, गोबिंद भंभानी, नरेन्द्र लालवानी, पुष्पा मोतियानी, हरीसिंह विश्वकर्मा, बबलू काशी, भगवानसिंह दादा, वीरसिंह, व्यास सिंह, दौलत मेवाड़ा, के अलावा अनेक गांव के कार्यकर्ता साथ थे।

# तेज रफ्तार बाइक स्लिप होने से युवक की मौत

**भोपाल ( काप्र )।** शहर के गांधीनगर इलाके में बीती देर रात बाइक स्लिप होने से युवक की मौत हो गई। थाना पुलिस ने बताया कि मुबारकपुर का रहने वालार 38 वर्षीय रामू उर्फ गोपाल अहिरवार इलैक्ट्रानिक उपकरण सुधारने का काम करता था। उसका एक घर गांधीनगर इलाके मे स्थित शांति नगर में भी था। बीती देर रात वो बाइक से शांति नगर स्थित घर जा रहा था। जैसै ही वो होली फैमिली स्कूल के सामने पहुचां तभी उसकी बाइक फिसल गई। चलती बाइक से सडक पर गिरे रामू को घातक चोंटे आई थी। सूचना मिलते ही पहुचीं पुलिस ने उसे इलाज के लिये हमीदिया अस्पताल पहुचांया। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। शुरुआती जॉच के आधार पर पुलिस का अनुमान है, कि मृतक नशे की हालत मे रहा होगा, ओर बाइक की स्पीड भी काफी तेज थी। हालांकि पुलिस अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मारने के एंगल पर भी जॉच करते हुए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी खंगाल रही है। मर्ग कायम कर पुलिस ने आगे की जॉच शुरु कर दी है।

# क्रैन पर चढ़कर बीस फिट ऊंचाई पर काम कर रहे युवक की सदिग्ध हालत में मौत

भोपाल ( काप्र )। **अशोका गार्डन इलाके मे युवक की काम के दोरान सदिंग्ध हालत मे मौत हो जाने की घटना प्रकाश मे आई है। आशंका है कि युवक की मौत करंट की चपेट मे आने से हुई है।**

हालांकि पुलिस का कहना है की पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा, जिसके आधार पर आगे की जॉच की जायेगी। थाना पुलिस ने बताया कि मोहल्ला मंडीदीप मे रहने वाला 36 वर्षीय दीप सिंह केवट अन्य कंपनियों में काम करने वाली क्रेन के मेंटेनेंस करने वाली कंपनी मे काम करता था। उसकी पहली पत्नि की मौत के बाद अप्रैल महीने मे ही दूसरी शादी हुई थी। बीती दोपहर वो मारुति वर्कशॉप के पास औद्योगिक क्षेत्र की श्री केबल्स कंपनी में क्रेन के मेंटेनेंस के लिए आया था। यहां वो क्रेन पर चढ़कर करीब बीस फिट की उचांई पर काम कर रहा था, काम के दौरान ही उसकी मौत हो गई। बाद मे जब अन्य कर्मचारियो की नजर उस पर पड़ी तो उन्होने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने काफी प्रयासो के बाद दीप सिंह का शव नीचे उतारकर पीएम के लिए भेजते हुए आगे की कार्यवाही शुरु कर दी है।

# आरोग्य केन्द्र में सेंट्रल गवर्मेंट के कर्मचारियों को इलाज सुविधा

## प्राकृतिक चिकित्सा से होता है उपचार

भोपाल (हिनप्र)।

**एनएबीएच एक्रेडिटेड हॉस्पिटल संत हिरदाराम योगा एवं नेचर क्योर हास्पिटल आरोग्य केन्द्र को केन्द्रीय कर्मचारियों कार्ड होल्डर्स के उपचार के लिए अधिकृत किया गया है। इसमें सेन्ट्रल गवर्नमेंट हैल्थ स्कीम के कार्ड धारकों के लिए कैशलेस ट्रीटमेन्ट की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।**

कर्मचारियों हेतु रीइमबर्समेंट की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। साथ ही यह अस्पताल भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण राजा भोज विमानतल के कार्ड धारकों के उपचार हेतु अधिकृत कर्मचारी एवं पेंशनर्स के कैशलेस ट्रीटमेन्ट हेतु भी अधिकृत है। सेन्ट्रल आर्मड पुलिस फोर्सिस के कर्मचारी कार्ड होल्डर्स प्रातः सात से सायं सात बजे के दरमियान आरोग्य केन्द्र में आकर डॉक्टरों से परामर्ष लेकर उपलब्ध सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं। आरोग्य केन्द्र भारत का पहला एनएबीएच एक्रेडिटेड हॉस्पिटल है जो कि योगा एवं नेचरोपेथी मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों को प्रक्षिषण के लिये अधिकृत है तथा यह मध्यप्रदेश का भी पहला एनएबीएच एक्रेडिटेड योगा एवं नेचरोपेथी हॉस्पिटल है। आरोग्य केन्द्र में कई लाइलाज बीमारियों जैसे मानसिक तनाव, डिप्रेशन, मोटापा, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, गिठिया रोग, कमर दर्द, साइटिका, मल्टीपल स्केलेरोसिस, अस्थि विकार, स्लिप डिस्क, सरवाईकल स्पोंडलाइसिस, सेरेबल पाल्सी, स्पाईनल कॉर्ड इंजुरी आदि का अचूक इलाज किया जाता है। आरोग्य केन्द्र में नेचरोपैथी ट्रीटमेन्ट के अंतर्गत मड थैरेपी, मसाज थैरेपी, मैग्नेटो थैरेपी, हाइड्रोथैरेपी, एक्युपंचर, एक्युप्रेशर, फेशियल सोना, स्टीम बाथ, स्पाइनल इमर्शन बाथ, कटि स्नान, हाथ-पैर स्नान, हाथों-पैरों की लपेट, पेट पर लपेट, गर्दन पर लपेट, गर्म सेक, पूरे शरीर पर तेल मसाज, पोटली मसाज, हाट स्टोन मसाज, पाउडर मसाज, अरोमा मसाज, एनिमा, फिजियोथैरेपी एवं योगा आदि के अलावा जूस उपवास, अपक्वाहार उपवास, निर्जला उपवास, जूस थैरेपी, उबला आहार की सुविधा भी उपलब्ध है।

## पेज एक से जारी खबरों के शेष...

### विधायकों के दल....

सोचा था। हमें पद का कोई मोह नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं बीमार था और फिर गर्दन में दर्द था, जिसका ऑपरेशन हुआ। लेकिन उसके पीछे ही एक दूसरा ऑपरेशन कुछ लोग चलाने लगे। यही नहीं बीमारी का हवाला देते हुए उद्धव ठाकरे भावुक नजर आए। उन्होंने कहा कि कुछ लोग कर रहे थे कि मैं ठीक ही न होऊं, लेकिम मुझे ऐसे लोगों की कोई परवाह नहीं है। मुझे सत्ता का कोई मोह नहीं है, लेकिन जिस तरीके से बगावत की गई है, वह ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि आप एक पेड़ से फूलों को तोड़ सकते हैं, फलों को तोड़ सकते हैं और डालें टूट सकती हैं, लेकिन उसकी जड़ें खत्म नहीं होती हैं। इस मीटिंग में आदित्य ठाकरे भी पहुंचे और माहौल बेहद भावुक नजर आए। शिवसैनिकों ने उद्धव और आदित्य को घेर लिया और देर तक नारेबाजी करते रहे। यही नहीं कई शिवसैनिक तो रोते हुए नजर आए।

### सड़कों पर उतरने .....

मातोश्री चले गए हैं। अब खबर है कि शिवसेना के कार्यकर्ता बागी विधायकों के खिलाफ सड़कों पर उतरने वाले हैं। कुछ जगहों पर शिवसैनिकों ने बागी विधायकों के खिलाफ प्रदर्शन करना भी शुरू कर दिया है। महाराष्ट्र पुलिस ने अलर्ट जारी करते हुए कहा, महाराष्ट्र के सभी पुलिस थानों, खासकर मुंबई के पुलिस थानों को हाई अलर्ट पर रहने का आदेश दिया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि शिवसैनिक बड़ी संख्या में सड़कों पर उतर सकते हैं। शांति सुनिश्चित करने के लिए पुलिस को सतर्क रहने को कहा गया है। पुलिस का यह आदेश ऐसे समय में आया है जब कुर्ला में बागी विधायक मंगेश कुडलकर के कार्यालय में आज शिवसेना कार्यकर्ताओं ने कथित रूप से तोड़फोड़ की।

### शक्ति परीक्षण में .....

इस दौरान उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया। शिवसेना से बगावत करने वाले शिंदे पार्टी के 37 विधायकों तथा नौ निर्दलीय विधायकों के साथ फिलहाल गुवाहाटी के एक होटल में हैं। राउत ने पत्रकारों से बातचीत में स्वीकार किया कि बगावत के कारण विधानसभा में पार्टी का संख्याबल कम हुआ है। उन्होंने कहा बागी गुट ने पर्याप्त संख्याबल होने का दावा किया है और लोकतंत्र संख्याबल पर चलता है। लेकिन नंबर किसी भी वक्त बदल सकते हैं। जब बागी विधायक लौटेंगे, तो बाला साहेब ठाकरे और शिवसेना के प्रति उनकी वफादारी की परीक्षा होगी। राउत ने कहा कि यह कानूनी लड़ाई है, कुछ नियम हैं और उच्चतम न्यायालय के दिशानिर्देश हैं। उन्होंने कहा कि एमवीए एकजुट है, हमें उम्मीद है कि सदन में शक्ति परीक्षण के दौरान बागी एमवीए को समर्थन देंगे।इससे पहले उन्होंने बातचीत में कहा था कि पार्टी बागी विधायकों के मुंबई लौटने का इंतजार कर रही है। उन्होंने कहा था कि मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को उम्मीद है कि अधिकतर बागी विधायक पार्टी मे लौट आएंगे। बागियों को मुंबई लौटना होगा और राज्यपाल से मिलना होगा, इसके बाद विधायकों की गिनती होगी और विश्वास मत होगा।राउत ने ट्वीट करके शरद पवार को 'धमकी' देने के लिए केन्द्रीय मंत्री नारायण राणे पर भी निशाना साधा। उन्होंने किसी का नाम लिए बिना कहा कि क्या भाजपा इस प्रकार की भाषा की इजाजत देती है? सरकारें आएंगी और जाएंगी लेकिन महाराष्ट्र शरद पवार के खिलाफ इस प्रकार की भाषा को बर्दाश्त नहीं करेगा। गौरतलब है कि बृहस्पतिवार को राणे ने पवार पर निशाना साधते हुए कहा था कि वह शिवसेना के बागी विधायकों को धमका रहे हैं और अगर महाराष्ट्र विधानसभा में उन्हें कुछ होता है तो उसके परिणाम भुगतने होंगे।

### गुजरात दंगा मामले...

को बरकरार रखा। जकिया ने उच्च न्यायालय के पांच अक्टूबर, 2017 के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें अदालत ने एसआईटी की रिपोर्ट के खिलाफ उनकी याचिका को खारिज कर दिया था। पीठ ने 452 पृष्ठ के अपने आदेश में कहा कि हम मामले की जांच के सिलसिले में कानून के उल्लंघन और अंतिम रिपोर्ट को लेकर मजिस्ट्रेट तथा उच्च न्यायालय के रुख के खिलाफ अपीलकर्ता के प्रतिवेदन से सहमत नहीं हैं। कांग्रेस सांसद एहसान जाफरी 28 फरवरी, 2002 को अहमदाबाद की गुलबर्ग सोसाइटी में मारे गए 68 लोगों में शामिल थे। इससे एक दिन पहले गोधरा में साबरमती एक्सप्रेस के एक डिब्बे में आग लगा दी गई थी, जिसमें 59 लोग मारे गए थे। इन घटनाओं के बाद ही गुजरात में दंगे भड़क गए थे। इन दंगों में 1044 लोग मारे गए थे, जिसमें से अधिकतर मुसलमान थे। इस संबंध में विवरण देते हुए, केंद्र सरकार ने मई 2005 में राज्यसभा को सूचित किया था कि गोधरा कांड के बाद के दंगों में 254 हिंदू और 790 मुस्लिम मारे गए थे। शीर्ष अदालत ने जकिया की याचिका पर पिछले साल नौ दिसंबर को अपना फैसला सुरक्षित रखा था। शीर्ष अदालत में सुनवाई के दौरान एसआईटी ने कहा था कि जकिया के अलावा किसी ने भी 2002 दंगे मामले में हुई जांच पर 'सवाल नहीं उठाए' हैं। इससे पहले जकिया के वकील ने कहा था कि 2006 मामले में उनकी शिकायत है कि "एक बड़ी साजिश रची गई, जिसमें नौकरशाही की निष्क्रियता और पुलिस की मिलीभगत थी और अभद्र भाषा एवं हिंसा को बढ़ावा दिया गया।

### प्रेम प्रसंग में....

की जानकारी मिलते ही मौके पर स्नस्रुव अन्य टीमें पहुंच गईं। पुलिस कमिश्नर हरिनारायण चारी मिश्र भी पुलिस कंट्रोल रूम पहुंचे। 58 साल के टीआई हाकम सिंह कॉन्स्टेबल के पद पर पुलिस में भर्ती हुए थे। वह इंदौर, महेश्वर, राजगढ़, खरगोन और भोपाल में पदस्थ रहे। महेश्वर में भी थाना प्रभारी थे। बताया जा रहा है कि हाकम सिंह ने 3 शादियां की थी। भोपाल के एडिशनल डीसीपी रामस्नेही मिश्रा का कहना है कि टीआई हाकम सिंह 6 फरवरी 2022 को भोपाल के श्यामला हिल्स थाने में पदस्थ हुए थे। वह खटलापुरा इलाके में फ्लैट लेकर किराए से रहते थे। मूलतः तराना उज्जैन के रहने वाले हाकम सिंह भोपाल में अकेले रहते थे। 21 जून को तीन दिन की छुट्टी लेकर गए थे। गुरुवार को उन्हें जॉइन करना था। घायल एसआई रंजना खरगोन जिले की रहने वाली हैं और उनकी पहली पोस्टिंग धार में हुई थी।

### जम्मू-कश्मीर प्रशासन.....

है। उन्होंने बताया कि बर्खास्त किए गए लोगों में श्रीनगर नगर निगम (एसएमसी) के वरिष्ठ अधिकारी मेहराज-उद्दीन-बुजा, नगर परिषद अनंतनाग के कार्यकारी अधिकारी गुलाम मोहिउद्दीन मलिक, नगर समिति शोपियां के सहायक स्वच्छता अधिकारी शब्बीर अहमद वानी, एमसी डोडा के स्वच्छता पर्यवेक्षक जाकिर अली, एमसी बनिहाल के प्रधान सहायक अब्दुल लतीफ, एमसी डोडा के वरिष्ठ सहायक सुकेश कुमार, शहरी स्थानीय निकाय कश्मीर के प्रभारी सचिव गौहर अली तुगू, शहरी स्थानीय निकाय कश्मीर के सचिव शगुफ्ता फाजिल और एमसी रियासी के बिजली मिस्त्री (इलेक्ट्रीशियन) ठाकुर दास शामिल हैं।

### घाटी में चार....

सामान मुहैया कराते थे। छानबीन में यह भी सामने आया कि यह मॉड्यूल आतंकियों के इशारे पर मादक पदार्थों को कलेक्ट करते थे। इसके बाद वह इन्हें विभिन्न आतंकियों के पास पहुंचाया गया करते थे

### चीनी वीजा घोटाला .....

को सूचीबद्ध किया। ईडी का प्रतिनिधित्व कर रहे अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने मौखिक रूप से अदालत को आश्वासन दिया कि 12 जुलाई तक कुछ नहीं होगा। उन्होंने कहा कि मैं बयान नहीं दूंगा, लेकिन समझा जाता है कि तब तक कुछ नहीं होगा। मेरी समझ सिर्फ 12 (जुलाई) तक की है। उन्होंने कहा कि गिरफ्तारी की कोई आशंका नहीं है। कार्ति की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने अदालत से सुनवाई की अगली तारीख तक कार्ति को गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण देने का अनुरोध किया।

### तपन नए आईबी........

अफसर हैं। प्रमोशन से पहले तपन डेका अतिरिक्त निदेशक का काम देख रहे थे। उन्होंने अपने करियर का अधिकांश समय आईबी में ही बिताया है और आईबी के टॉप स्पाई माने जाते हैं। सामंत कुमार गोयल 1984 बैच के पंजाब कैडर के आईपीएस अधिकारी हैं। रिसर्च एंड एनालिसिस विंग के सचिव सामंत गोयल को उनके वर्तमान कार्यकाल से 30 जून 2023 तक एक वर्ष की अवधि के लिए विस्तार दिया गया है।

# भोपाल मण्डल में 67वाँ रेल सप्ताह समारोह आयोजित

भोपाल। **उत्कृष्ट सेवा के लिए 249 कर्मचारियों को व्यक्तिगत तथा 156 कर्मचारियों को समूह पुरस्कार से सम्मानित किया गया।**

पश्चिम मध्य रेल, भोपाल मंडल में आज को पूर्वी रेलवे कॉलोनी, भोपाल स्थित सामुदायिक भवन में 67वाँ रेल सप्ताह समारोह-2022 का आयोजन किया गया, जिसमें मंडल रेल प्रबंधक सौरभ बंदोपाध्याय द्वारा वर्ष 2021-22 में उत्कृष्ट सेवा के लिए भोपाल मण्डल के 249 कर्मचारियों को व्यक्तिगत पुरस्कार तथा 156 कर्मचारियों को समूह पुरस्कार से नवाजा गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक नें अपने संबोधन में व्यक्तिगत एवं समूह पुरस्कार प्राप्त करने वाले कर्मचारियों को बधाई दी और कहा कि वर्ष 2021-22 में हमारे अधिकारियों और कर्मचारियों ने एक जुट होकर मंडल की तरक्की में अपना सक्रिय योगदान दिया है।

# इंटरनेशनल रिसर्च पेपर प्रेजेंटेशन में संत हिरदाराम इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट की छात्राओं को सफलता



भोपाल ( हिनप्र )। **संत हिरदाराम इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट की छात्राएं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में आईपीएस अकदमी इंदौर द्वारा आयोजित तीसरी इंटरनेशनल रिसर्च पेपर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता प्रकल्प 2022 में संत हिरदाराम इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट भोपाल की छात्राओं ने सफलता हासिल की।**

इस प्रतियोगिता में देश एवं विदेश के कई प्रतिभागी शामिल थेए जिन्होंने मैनेजमेंट के विभिन्न विषयों पर अपने रिसर्च पेपर प्रस्तुत किए। प्रथम चरण में सफल होने के बाद द्वितीय चरण में संस्थान की छात्राओं ने रिसर्च पेपर प्रेजेंटेशन में निर्णायक मंडल द्वारा पूछे गए प्रश्नों का बखूबी जवाब दिया एवं प्रशंसा हासिल की। निर्धारित मापदंड पर खरे उतरने पर संस्थान की छात्राओं किरण दुर्गानी तथा आस्था मोदी को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआय एवं याशिका यादव को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। आयोजकों की ओर से छात्राओं को नकद पुरस्कार एवं सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। इस उपलब्धि पर संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर हीरो ज्ञानचंदानी जीए डायरेक्टर डॉ आशीष ठाकुर एवं फैकेल्टी मेंबर्स ने छात्राओं को बधाइयां दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# रानी कमलापति-संत्रागाछी-रानी कमलापति एवं भोपाल-बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस के निरस्तीकरण की अवधि बढ़ाई

**भोपाल (काप्र)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मण्डल द्वारा जारी नोटीफिकेशन के अनुसार भोपाल मण्डल से प्रारंभ/समाप्त होने वाली गाड़ी संख्या 22169/22170 रानी कमलापति-संत्रागाछी-रानी कमलापति साप्ताहिक एक्सप्रेस तथा गाड़ी संख्या 18235/18236 भोपाल-बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस का निरस्तीकरण अवधि बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। जिसके अनुसार गाड़ी संख्या 22169 रानी कमलापति-संत्रागाछी साप्ताहिक एक्सप्रेस दिनांक 29.06.2022 एवं 06.07.2022 (बुधवार) को तथा गाड़ी संख्या 22170 संत्रागाछी-रानी कमलापति साप्ताहिक एक्सप्रेस दिनांक 30.06.2022 एवं 07.07.2022 (गुरुवार) को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।